गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, भारत
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE: +91 11 26182955
फैक्स/FAX: +91 11 26185941
ई-मेल/E-mail: info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट/2022

03.02.2022

1. लिस्टिंग अनुपालन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल, प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई-400051 **चिहन : - गेल (ईक्यू)**	2. लिस्टिंग अनुपालन बीएसई लिमिटेड मंजिल 1, फिरोज़ जीजीभॉय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400001 **स्क्रिप कोड : - 532155**

प्रिय महोदय / महोदया,

कृपया **"गेल के अब तक के उच्चतम राजस्व, पीबीटी एवं पीएटी दर्ज करने और वित्त वर्ष 2022 की तीसरी तिमाही तक पूर्व वित्तीय वर्षों के कुल पीएटी को पार कर, पीएटी %158 बढ़ने "** संबंधी प्रेस विज्ञप्ति की प्रतिलिपि संलग्न है।

धन्यवाद,

भवदीय,

(ए.के.झा)
कंपनी सचिव

संलग्नक : उपर्युक्तानुसार

प्रति:

ड्यूश बैंक ए जी, फिलिआले मुंबई
टीएसएस एंड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
द कैपिटल, 14वीं मंज़िल
सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स
मुम्बई-400051

ध्यानाकर्षण : सुश्री अपर्णा सालुंके

सीआईएन/CIN
L40200DL1984GOI018976
www.gailonline.com

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

गेल ने अब तक का उच्चतम राजस्व, पीबीटी एवं पीएटी दर्ज किया

वित्त वर्ष 2022 की तीसरी तिमाही तक पूर्व वित्तीय वर्षों के कुल पीएटी को पार कर, पीएटी 158% बढ़ा

नई दिल्ली, 3 फरवरी, 2022: गेल (इंडिया) लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2021-22 की तीसरी तिमाही में बेहतर गैस विपणन प्रसार, उत्पाद की बेहतर कीमतों और पेट्रोकेमिकल्स और तरल हाइड्रोकार्बन में बेहतर प्रचालन दक्षता के कारण वित्तीय कार्य-निष्पादन के सभी मानदंडों को पार किया है।

गेल (इंडिया) लिमिटेड ने वित्त वर्ष 22 की दूसरी तिमाही के 21,515 करोड़ रुपए की तुलना में वित्त वर्ष 22 की तीसरी तिमाही में 25,776 करोड़ रुपए के साथ प्रचालन से राजस्व में 20% की वृद्धि दर्ज की है, वित्त वर्ष 22 की दूसरी तिमाही के 3,682 करोड़ रुपए की तुलना में वित्त वर्ष 22 की तीसरी तिमाही में 4,308 करोड़ रुपए तक कर पूर्व लाभ (पीबीटी) में 17% बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 22 की दूसरी तिमाही के 2,863 करोड़ रुपए की तुलना में वित्त वर्ष 22 की तीसरी तिमाही में 3,288 करोड़ रुपए तक कर पश्चात लाभ (पीएटी) में 15% बढ़ोतरी हुई।

दिनांक 31 दिसंबर 2021 को समाप्त नौ माह की अवधि हेतु प्रचालन से राजस्व पिछले वर्ष की उक्त अवधि में 41,189 करोड़ रुपए से 57% बढ़कर 64,678 करोड़ रुपये हो गया। पीबीटी में वित्त वर्ष 21 की तीसरी तिमाही के 3,774 करोड़ रुपए की तुलना में वित्त वर्ष 22 की तीसरी तिमाही में 10,044 करोड़ रुपए के साथ 166% की वृद्धि दर्ज हुई। पीएटी में मुख्यत: बेहतर गैस विपणन प्रसार, उत्पाद की बेहतर कीमतों और गैस विपणन एवं संचरण खंड में बेहतर कार्य-निष्पादन के कारण वित्त वर्ष 21 की तीसरी तिमाही के 2,983 करोड़ रुपए की तुलना में वित्त वर्ष 22 की तीसरी तिमाही में 7,681 करोड़ रुपए के साथ 158% की बढ़ोतरी हुई है।

समेकित आधार पर, वित्त वर्ष 22 की दूसरी तिमाही के 21,782 करोड़ रुपए की तुलना में वित्त वर्ष 22 की तीसरी तिमाही में 26,176 करोड़ रुपए के साथ प्रचालन से राजस्व में 20% की वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 22 की दूसरी तिमाही के 3,728 करोड़ रुपए की तुलना में वित्त वर्ष 22 की तीसरी तिमाही में 4,820 करोड़ रुपए के साथ पीबीटी में 29% बढ़ोतरी हुई और वित्त वर्ष 22 की दूसरी तिमाही के 2,883 करोड़ रुपए की तुलना में वित्त वर्ष 22 की तीसरी तिमाही में 3,781 करोड़ रुपए के साथ पीएटी में 31% बढ़ोतरी हुई।

9 माह् के आधार पर गेल ने वित्त वर्ष 22 की तीसरी तिमाही में प्रचालन से समेकित राजस्व, पीबीटी एवं पीएटी में क्रमश: 65,546 करोड़ रुपए, 11,088 करोड़ रुपए तथा 8,802 करोड़ रुपए प्राप्त किए जो कि पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में क्रमश: 57%, 146% & 141% की बढ़त है।

श्री मनोज जैन, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, गेल ने बताया कि यह कंपनी के प्रचालन से पीबीटी और पीएटी में अब तक का सबसे अधिक तिमाही राजस्व है। वास्तव में, गेल ने दिनांक 31 दिसंबर, 2021 को समाप्त नौ माह की अवधि के दौरान, पिछले किसी भी वित्तीय वर्ष में हासिल किए गए उच्चतम पीएटी को पहले ही पार कर लिया है। गेल ने मुख्य रूप से पाइपलाइनों, पेट्रोकेमिकल्स, जेवी को इक्विटी आदि पर 5,034 करोड़ रुपये के कैपेक्स का व्यय किया है। उन्होंने यह भी कहा कि गेल ने ओएनजीसी त्रिपुरा पावर कंपनी में आईएलएफएंडएस से 26% हिस्सेदारी हासिल की है। यह अधिग्रहण सहक्रियात्मक होगा और गेल को देश के उत्तर पूर्व क्षेत्र में अपनी उपस्थिति मजबूत करने में सक्षम बनाएगा। उन्होंने आगे कहा कि गेल ने इंदौर, मध्य प्रदेश में एजीएल के शह्र गैस वितरण नेटवर्क में हाइड्रोजन के मिश्रण के लिए भारत की अपनी-तरह-की-पहली पायलट परियोजना शुरू की है, यह परियोजना हाइड्रोजन आधारित और कार्बन-न्यूट्रल भविष्य की दिशा में भारत की यात्रा का शुरूआती कदम है।